**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**महान नहर संभाग सीधी, जिला-सीधी (म0प्र0)**
**(Email ID : eemahancanaldiv@gmail.com)**

पत्र क्र....216..... /कार्य/2019 सीधी दिंनाक ..8.../...2.../..2019

**प्रति,**

**कलेक्टर**
**जिला-सीधी (म0प्र0)**

**विषयः-** कम्पार्टमेन्ट P929, P930, P923 I & P923 IX के अन्तर्गत प्रभावित वन भूमि का वन अधिकार अधिनियम (F.R.A.) प्रमाण पत्र जारी करने वावत्।

**सन्दर्भः-** आपका पारित आदेश प्रकरण क्र. 0001/अ-19 (3)/2018-2019 दिनांक 21.12.2018

विषयान्तर्गत महान परियोजना (द्वितीय चरण) माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा घोषित बहरी नहर विस्तार योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है। इस योजना के अन्तर्गत 25 कि.मी. मुख्य नहर एवं 72 कि.मी. माइनर नहरों का निर्माण प्रस्तावित है। सीधी एवं सिहावल विकासखण्ड के 53 ग्रामों में 7500 हे. भूमि सिंचित होगी जिसके अन्तर्गत निम्नानुसार प्रभावित वनभूमि के बदले में म.प्र. शासन सिंचाई विभाग की भूमि तहसील मझौली के पटवारी हल्का बोदारी टोला नम्बर 18 के ग्राम बोदारी टोला की शासकीय भूमि खसरा क्र. 136 रकवा 7.150 हे. में से अंश रकवा 2.851 हे. वनमण्डलाधिकारी सीधी को आपके सन्दर्भित आदेश के द्वारा आन्तरित की गई है।

| | | |
|---|---|---|
| 1. कम्पार्टमेन्ट P929 ग्राम गजरी | - | 0.483 हे., |
| 2. P930 ग्राम चुरवाही | - | 0.832 हे., |
| 3. P923 I ग्राम पटेहरा कोठार | - | 1.147 हे. |
| 4. P923 IX ग्राम झुमरिया दुअरा कला | - | 0.3896 हे. |
| कुल | - | 2.8516 हे. वन भूमि |

अतः अनुरोध है कि नहर निर्माण हेतु प्रभावित वन भूमि का वन अधिकार अधिनियम (F.R.A.) प्रमाण पत्र जारी किए जाने का कष्ट करें, ताकि माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा घोषित योजना का समयावधि में निर्माण कार्य कर लाभान्वित कृषकों को सिंचाई हेतु पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जा सकें।

सादर !

**सहपत्रः-** सन्दर्भित पत्र की छायाप्रति।

**(सुनील व्यास)**
**कार्यपालन यंत्री**
**महान नहर संभाग सीधी**
**जिला-सीधी (म0प्र0)**

पृ0 क्र0....217......../ कार्य/2019 सीधी दिनांक ......./......../2019

**प्रतिलिपिः-**

1. मुख्य अभियन्ता गंगा कछार जल संसाधन विभाग रीवा (म0प्र0) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
2. अधीक्षण यंत्री महान परियोजना (गुलाब सागर) मण्डल सीधी (म0प्र0) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।
3. वनमण्डलाधिकारी पश्चिम वन मण्डल सीधी जिला-सीधी (म0प्र0) की ओर सादर सूचनार्थ सम्प्रेषित।

**सहपत्रः-** शून्य।

**(सुनील व्यास)**
**कार्यपालन यंत्री**
**महान नहर संभाग सीधी**
**जिला-सीधी (म0प्र0)**

Work Brijendra D//--